प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

हर दिन सेहत

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में हर दिन सेहत अभियान का शुभारंभ किया। ये अभियान लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उनमें बीमारियों की रोकथाम की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत आईजीएमसी शिमला और नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी विभिन्न स्थानों पर हैल्थ टॉक्स का आयोजन करेंगे और लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के बारे में जागरूक किया जाएगा। आईजीएमसी शिमला के विभिन्न वार्डों, ओपीडी और शिमला शहर के अनेक सार्वजनिक स्थानों पर ये गतिविधियां चलाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये अभियान एक दीर्घकालिक पहल है और इसके माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता को लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाएगा।

दूध खरीद

इस बीच मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की और बताया कि प्रदेश की 10 समितियों में प्रायोगिक आधार पर डिजिटल माध्यम से दूध की खरीद की जाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है जिसमें दूध खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया है जो देश में सबसे अधिक है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि किसानों से गाय का दूध 45 रूपये और भैंस का दूध 55 रूपये प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा ज़िले के ढगवार में अत्याधुनिक पूर्ण स्वचालित दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जा रहा है जो मार्च 2026 में क्रियाशील हो जाएगा।

नववर्ष

कल से नववर्ष शुरू हो रहा है। वर्ष 2024 को विदाई देने और वर्ष 2025 के स्वागत को लेकर बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की है कि नया साल सभी लोगों के जीवन में नई उमंग और उत्साह लेकर आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में वर्ष 2024 में अनेक कार्य किए हैं जो नए वर्ष में भी जारी रहेंगे।

इस बीच इसके अलावा मनाली, धर्मशाला, खजियार और अन्य पर्यटन स्थलों पर भी सैलानियों का खूब जमावड़ा लगा हुआ है। ये पर्यटक हिमाचल की हसीन वादियों में नववर्ष मनाने के लिए पहुंच रहे हैं। प्रशासन की ओर से पर्यटकों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। कुल्लू–मनाली में भी सैलानियों की आवाजाही बढ़ी है और 11 दिसम्बर से अब तक करीब एक लाख वाहनों ने रोहतांग अटल टनल से प्रवेश व निकास किया है। राजधानी शिमला में बीते एक सप्ताह में 50 हजार से अधिक पर्यटक वाहनों ने प्रवेश किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से शिमला शहर को पांच सेक्टरों में विभाजित किया गया है और विभिन्न अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मौसम

प्रदेश में पिछले दो दिनों से मौसम साफ बना हुआ है और दिन के समय खिल रही धूप से लोगों को कड़ाके की ठंड से निजात मिली है। हालांकि सुबह–शाम शीतलहर का प्रकोप जारी है और मैदानी व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में आज व कल शीतलहर बढ़ने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में लोगों को सुबह–शाम एहतियात बरतने की ज़रूरत है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 4 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते 6 जनवरी तक ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की संभावना है।

सीबीडीटी–आयकर

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने वर्ष 2024–25 के लिए विलंबित और संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बार से बढ़ाकर 15 जनवरी कर दी है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है शाम 7 बजकर 45 मिनट पर।